

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ राजस्थान पहुंचीं सारा अली खान?

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 228 ■ मंगलवार, 3 दिसंबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# चाइनीज ढाबों में परोसी जा रही शराब

- उल्हासनगर शहर में कुछ होटलें व चाइनीज दुकान बिना लाइसेंस बेच रहे शराब
- कल्याण-शील महामार्ग पर चाइनीज ढाबों पर पुलिस की नजर
- शराब के शौकीन सस्ती जगह की तलाश में



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में नियमों का उल्लंघन करना अब आम होते जा रहा है। शहर में शराब के शौकीनों ने महंगे होटलों के बजाय अब चाइनीज ढाबों पर अपना अड्डा बना लिया है। उल्हासनगर शहर व आस पास के शहरों में कुछ होटलों व ढाबों में बिना लाइसेंस धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है। शराब के शौकीन लोगों को यहां पर शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। हालांकि कारोबार चलाने वाले लोगों को शराब पीने के बाद ग्राहकों के साथ झगड़ा भी मोल लेना पड़ता है बावजूद आज भी इस क्षेत्र में धड़ल्ले से शराब परोसी जाती है। इन ढाबा मालिकों को पुलिस का आर्शिवाद प्राप्त है इन्हीं ढाबों के पास जुआ के अड्डे भी होते हैं।

वहीं इस तरह के ढाबे उल्हासनगर व अंबरनाथ परिसर के बाद कटाई-बदलापुर पाइपलाइन और कल्याण-शील राजमार्ग के किनारे विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से स्थापित चाइनीज ढाबों पर गैरकानूनी रूप से शराब परोसी जाती है. जहां आपराधिक किस्म के लोग शराब पीकर असामाजिक कार्य करते हैं. अब इन अवैध चाइनीज ढाबों पर पुलिस की नजर है.

आबकारी विभाग की जिम्मेदारी के बावजूद बिना पैकेजिंग के शराब बेचने वाले अवैध चाइनीज ढाबों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। आखिरकार पुलिस ने पहल की है और पलावा के कसारियो इलाके में जय मल्हार चाइनीज ढाबा के खिलाफ कार्रवाई की. इससे इस इलाके में अवैध ढाबावालों में हड़कम्प मच गया है.

कल्याण परिमंडल-3 के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे के निर्देशानुसार, सभी आठ पुलिस स्टेशनों ने कल्याण-डोंबिवली में अवैध धंधों के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया है। किसी भी चाइनीज खाने में अजीनोमोटो नामक खतरनाक रसायन का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। इन रसायनों के संपर्क में आने से हड्डियां नाजुक हो जाती हैं और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को निमंत्रण मिलता है।

कल्याण-डोंबिवली वासी इस बात पर संतोष व्यक्त कर रहे हैं कि पुलिस ने ऐसे चाइनीज ढाबों के खिलाफ देर से ही सही आक्रामक अभियान शुरू कर दिया है।

### ■ संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

मानपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कदबाने के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक संपत फडोल, कांस्टेबल विजय आव्हाड़ और अपराध जांच शाखा की एक गश्ती टीम रविवार रात 9 बजे के बीच पलावा कासा रियो क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस ने पाया कि जय मल्हार चाइनीज ढाबा पर ग्राहकों को शराब पीने की इजाजत दी जा रही थी। ग्राहक कुर्सियों पर बैठे थे और मेज पर रखे शराब के पैग गटक रहे थे। जब पुलिस ने ढाबे में प्रवेश किया और ढाबे के प्रमुख शशिकांत कुंभार से शराब परोसने के लिए आवश्यक लाइसेंस के बारे में पूछा, तो पुलिस को बताया गया कि कोई लाइसेंस नहीं है। पुलिस ने ग्राहकों को बिना लाइसेंस के अवैध शराब पीने की जगह उपलब्ध कराने और बिना लाइसेंस के खाना बेचने के आरोप में चाइनीज ढाबा के चालक शशिकांत कुम्भार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# प्रताड़ना से परेशान विवाहिता ने दी जान

- उल्हासनगर 5 स्थित सुभाष टेकड़ी परिसर की घटना
- विट्ठलवाड़ी पुलिस में ससुराल वालों के खिलाफ मामला
- ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप



**उल्हासनगर.** सोमवार सुबह उल्हासनगर 5 स्थित सुभाष टेकड़ी इलाके में एक विवाहित महिला द्वारा अपने ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की चौंकाने वाली घटना घटी है। विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में उसके ससुर के परिवार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है। अपनी जीवन लीला समाप्त करने वाली महिला का नाम कल्पना कदम है। जिसने 20 साल पहले संदीप से शादी की थी, कदम परिवार सुभाष टेकडी गुरुनानक स्कूल के पास में रहता है, किसी कारणवश कल्पना के पति परिवार से दूर हैं। कल्पना की बेटी ने कल्पना की आत्महत्या का कारण उस पर की गई प्रताड़ना बताया है और उसे घर खाली करने को कहा गया। ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर कल्पना ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और विट्ठलवाडी पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# सहकारी बैंक में लगी आग



**ठाणे.** ठाणे जिले में एक बहुमंजिला इमारत में स्थित प्राइवेट सहकारी बैंक में सोमवार को आग लग गई। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारण दो मंजिलों को तुरंत खाली कराया गया। आपदा प्रबंधन सेल को सुबह के 6.47 बजे आग लगने की जानकारी मिली। आग में 11 आउटडोर एयर कंडीशनिंग इकाइयां पूरी तरह से नष्ट हो गईं। घटना की जानकारी पाकर मुंब्रा फायर स्टेशन के कर्मी और इलाके में बिजली आपूर्ति करने वाली एक निजी कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# उल्हासनगर में पानी की मेन लाइन अचानक फूटी

- हजारों लीटर पानी बर्बाद
- नागरिकों में नाराजगी



**उल्हासनगर.** कुर्ला कैंप इलाके में मुख्य जलापूर्ति पाइपलाइन टूटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया है. यह घटना रविवार सुबह की है. पाइप फटने से करीब एक से डेढ़ घंटे तक सड़क पर पानी बहता रहा. परिणाम स्वरूप सड़क को तालाब सा स्वरूप आ गया था.

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कैंप 4 के कुर्ला कैंप इलाके में पाइपलाइन कुछ वर्षों से खराब स्थिति में है. सुबह जब जलापूर्ति शुरू की जा रही थी तभी अचानक पाइप फट गया और भारी मात्रा में पानी बहने लगा. इस दुर्घटना के कारण मोहल्लेवासियों एवं व्यवसायियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। इससे स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताई और उल्हासनगर मनपा प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए. स्थानीय निवासियों का कहना है कि हम पिछले कई महीनों से इस पाइपलाइन की मरम्मत की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है.

घटना की सूचना मिलने पर जलापूर्ति विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और टूटी पाइपलाइन को ठीक करने का काम शुरू किया. हालांकि प्रशासन ने कहा है कि इस संबंध में अस्थायी कदम उठाए गए हैं हालांकि नागरिकों ने स्थाई मरम्मत की मांग की है। इस घटना से उल्हासनगर में जलापूर्ति पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है. नागरिकों ने पानी बचाने की अपील की है और महानगर पालिका से भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग कर रही है. पाइपलाइन फटने से पानी की भारी बर्बादी हुई है और प्रशासन की कार्यकुशलता पर सवालिया निशान लगा है। उम्मीद है कि मनपा प्रशासन इस समस्या पर तत्काल कदम उठाकर नागरिकों की जलापूर्ति की समस्या का समाधान करे.

# जमीन विवाद में KDMC कर्मी को जान से मारने की धमकी

- टिटवाला पुलिस में मामला दर्ज

**कल्याण.** जमीन विवाद को लेकर केडीएमसी कर्मी को जान से मारने की धमकी दी गयी है. इतना ही नहीं, टिटवाला के पास मानिवली, उंबार्नी गांव में भी मनपाकर्मी के परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है. इस मामले में टिटवाला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

केडीएमसी कर्मचारी एकनाथ पवार अपनी पत्नी, बेटी और मां के साथ टिटवाला के उंबार्णी गांव में रहते हैं और कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका में सफाई कर्मचारी हैं। माणिवली में उनके पास 87 गुंठा जमीन हैं। इसमें से दो एकड़ जमीन उन्होंने रमन गायकर को बेच दी थी। रमन गायकर का तीन साल पहले निधन हो गया। उनकी मृत्यु के बाद, रमन गायकर की पत्नी ने एकनाथ पवार से पैसे की मांग की। पवार ने कहा कि परिसर के मुआवजे के तौर पर उन्हें 2 लाख 11 हजार रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है. एकनाथ पवार ने यह भी कहा कि इसकी सारी जानकारी उनके पास है. लेकिन रमन गायकर की पत्नी ने जमीन के सौदे की रकम 2 लाख 11 हजार नहीं बल्कि 2 लाख 61 हजार रुपये होने की बात कहते हुए बाकी रकम चुकाने की बात कही.

इसी बीच पवार के यहां पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया। जैसे ही उन्हें यह बात पता चली तो वे मौके पर पहुंचे। उस वक्त नीलेश शेलार अपने साथियों के साथ वहां खड़े थे. एकनाथ पवार को देखते ही नीलेश शेलार ने जातिगत गाली दी. साथ ही उनकी कार की चाबी भी छीन ली। नीलेश शेलार के साथी रवि निकम ने अपने पास से रिवॉल्वर निकालकर एकनाथ पवार की कमर पर रख दी और एकनाथ पवार और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी.

### ■ पवार के घर पर पुलिस सुरक्षा

घटना के संबंध में एकनाथ पवार ने टिटवाला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज कर नीलेश शेलार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. नीलेश शेलार एक गुंडा है. वह एक राजनीतिक दल से हैं. उससे मेरे परिवार की जान को खतरा है. एकनाथ पवार ने मांग की है कि उन्हें गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये. एकनाथ पवार के घर को पुलिस सुरक्षा दी गई है. इस बीच इस घटना से सनसनी फैल गई है.



# उल्हासनगर में एड्स दिवस पर निकली रैली



- सेंट्रल अस्पताल के कर्मचारी हुए रैली में शामिल
- विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता रैली का आयोजन
- कॉलेज के छात्र भी हुए रैली में शामिल
- एड्स बचाव पर ली गई शपथ

**उल्हासनगर.** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल के कर्मचारियों ने जागरूकता रैली निकाली जिसमें छात्रों ने भी सहभाग लिया। उल्हासनगर सेंट्रल हॉस्पिटल की ओर से विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें जिला शल्यचिकित्सक डॉ. मनोहर बनसोडे ने इस जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाई. रैली में विभिन्न कॉलेजों के छात्र, एनएसएस इकाई के छात्र और छात्राएं और अस्पताल के कर्मचारी शामिल थे।

विश्व एड्स दिवस के मौके पर लोगों में एड्स के प्रति जागरुकता फैलाई गई, इस मौके पर डॉक्टरों, छात्रों और कर्मचारियों ने एकजुट होकर एड्स से बचाव की शपथ ली.

# अंबरनाथ में नाबालिग छात्र की पिटाई करने पर टीचर के खिलाफ केस दर्ज

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक शिक्षिका ने इस बात को लेकर सात वर्षीय एक छात्र की कथित तौर पर पिटाई कर दी कि वह अंग्रेजी का एक शब्द ठीक से नहीं पढ़ पाया। पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

घटना 28 नवंबर को यहां अंबरनाथ इलाके में स्थित एक निजी स्कूल में हुई। प्राथमिकी में यह नहीं बताया गया कि छात्र किस कक्षा में पढ़ता है।

अंबरनाथ पश्चिम थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बच्चा अंग्रेजी ठीक से नहीं पढ़ पाया, जिसके बाद शिक्षिका को गुस्सा आ गया और उसने कथित तौर पर 'स्केल' से उसकी पिटाई कर दी, जिससे बच्चे के पैर और पीठ पर चोट आईं। बाद में छात्र ने अपनी मां को बताया, जिन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को बच्चे की मां की शिकायत के आधार पर शिक्षिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# 31 ब्लैक स्पॉट चिह्नित, दुर्घटनाओं में आई कमी!



**ठाणे.** ब्लैक स्पॉट ढूंढने और दुर्घटना रोकने के उपाय करने का फायदा हुआ है और दुर्घटनाओं में कमी आयी है। दरअसल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क की स्थिति में सुधार, खतरनाक मोड़ों का अध्ययन, नोटिस बोर्ड की स्थापना, खतरनाक स्पॉट बोर्ड की स्थापना सहित कुछ अन्य महत्वपूर्ण उपायों के कारण, ठाणे पुलिस आयुक्तालय में दुर्घटनाओं की संख्या में कमी देखी गई है। मिली जानकारी अनुसार अक्टूबर 2023 में 109 हादसे हुए थे। जिसमें 23 लोगों की मौत हो गईं थी और 98 घायल हो गए थे। हालाँकि, अक्टूबर 2024 में दुर्घटनाओं की संख्या में 23 और मौतों की संख्या में 10 की कमी आई। पिछले साल 2023 में, ठाणे पुलिस आयुक्तालय सीमा में 25 ब्लैक स्पॉट थे। इस वर्ष छह और ब्लैक स्पॉट मिलाकर 31 ब्लैक स्पॉट हो गए हैं। ट्रैफिक पुलिस, ठाणे आरटीओ और लोक निर्माण विभाग के माध्यम से जून और जुलाई महीने में 15 दिनों के लिए इस ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण दौरा आयोजित किया गया था।

### अक्टूबर 2024 में 13 लोगों की मौत हुई

ट्रैफिक पुलिस, सार्वजनिक निर्माण विभाग और आरटीओ द्वारा उठाए गए कदमों के कारण पुलिस आयुक्तालय में दुर्घटनाओं के सिलसिले में थोड़ी कमी की सुखद तस्वीर देखने को मिली, जनवरी से अक्टूबर की अवधि के दौरान दुर्घटनाओं की संख्या में थोड़ी कमी देखी गई। इस दौरान 855 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 198 लोगों की मौत हो गई और 781 घायल हो गए। अकेले अक्टूबर 2023 में 109 दुर्घटनाओं में 23 लोगों की मौत हो गई और 98 लोग घायल हो गए।

# मुंबई और ठाणे में 5 दिसंबर तक 10% पानी की कटौती




**ठाणे.** BMC को पानी की आपूर्ति करने वाली कंपनी पिसे के न्यूमेटिक गेट सिस्टम में तकनीकी खराबी आ गई है। इसलिए 5 दिसंबर तक मुंबई में पानी की कटौती की जाएगी। 10 प्रतिशत तक पानी कम हो जाएगा।मुंबई नगर निगम ने नागरिकों से पानी का संयम से उपयोग करने की अपील की है।

मुंबई नगर निगम को पानी की आपूर्ति करने वाली कंपनी पाईस के न्यूमेटिक गेट सिस्टम में तकनीकी खराबी आ गई है। इसके चलते इस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। यह कार्य आज से किया जायेगा और इसके कारण शहर की जलापूर्ति बाधित रहेगी.

इसके साथ ही उपनगरों, ठाणे और भिवंडी नगर निगम की जलापूर्ति भी बाधित रहेगी। इसके चलते नगर पालिका ने अगले 10 दिनों के लिए 10 फीसदी कटौती की घोषणा की है। इससे पहले भी दो दिनों तक जलापूर्ति बंद कर दी गयी थी। जैसे ही लोअर परल में तानसा जल चैनल की मरम्मत का काम शुरू हुआ, शहर के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई। उसके बाद पीसा में जलापूर्ति व्यवस्था ख़राब होने के कारण पानी में कटौती की जायेगी।

महानगर पालिका द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार न्यूमेटिक गेट सिस्टम की खराबी को ठीक करने के लिए आज से तकनीकी मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर निगम मुंबई शहर-उपनगरों, ठाणे और भिवंडी क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति को प्रभावित करेगा। मुंबई शहर और उपनगरों के साथ-साथ ठाणे, भिवंडी में पानी की आपूर्ति 10 प्रतिशत कम कर दी गई है।

# ठाणे जिला अस्पताल में एक ही दिन 72 बच्चों का ऑपरेशन



**ठाणे.** ठाणे जिला सिविल अस्पताल में रविवार 1 दिसंबर को सुबह 7.30 बजे से शाम 7 बजे तक एक ही दिन में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित 72 बच्चों का ऑपरेशन किया गया. ठाणे जिले के आदिवासी बाहुल्य शाहपुर, वाडा एवं पालघर जिले के जव्हार तहसील के बच्चे आंख की बीमारी ,खून की गांठ ,हार्निया ,पेट की बीमारी सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित थे.यह ऑपरेशन बच्चों के डॉक्टर संजय ओक के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया.

मुंबई महानगर पालिका के मुख्य अस्पतालों के निदेशक एवं केइएम अस्पताल के डीन रहे डॉ.संजय ओक फ़िलहाल सरकार के विभिन्न ग्रामीण अस्पतालों एवं मुंबई मनपा के सायन अस्पताल में एक एमेरिटस प्रोफेसर के रूप में जाते हैं और हर साल लगभग 1000 बच्चों की सर्जरी करते हैं. डॉ.संजय ओके इसके लिए कोई शुल्क नहीं लेते हैं.बिना पैसे का ऑपरेशन करते हैं. स्वास्थ्य विभाग की नीति है कि स्वास्थ्य विभाग के उपजिला और जिला अस्पतालों में निजी डॉक्टर स्वेच्छा से आकर मरीजों की सेवा करें. हालाँकि, बहुत कम निजी विशेषज्ञ इस तरह की सर्जरी करने के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में जाते हैं. डॉ. ओक पिछले 13 सालों से हर रविवार को बच्चों की जटिल सर्जरी करने के लिए शाहपुर उपजिला अस्पताल, अलीबाग जिला अस्पताल, पनवेल अस्पताल और डेरवण के वालावलकर अस्पताल जाते हैं. डॉ. ओक का जन्मदिन 24 नवंबर को था. विधानसभा चुनाव के कारण उस दिन शहापुर उपजिला अस्पताल में केवल 11 बच्चों की सर्जरी की गई. उसके बाद डॉ. ओक और उनकी टीम ने मुंबई मनपा के सायन अस्पताल में लगभग 35 सर्जरी कीं. रविवार को डॉ. ओक ने ठाणे जिला अस्पताल में 72 सर्जरी करके अपना जन्मदिन मनाया.

ठाणे जिला अस्पताल के जिला सर्जन डॉ. कैलास पवार और अन्य डॉक्टर पिछले कई दिनों से इन सर्जरी की तैयारी कर रहे थे. मरीज और उसके परिजन पिछले दो दिनों से अस्पताल में भर्ती थे. उनके खाने से लेकर सर्जरी तक सब कुछ अच्छे से तैयार किया गया था. रविवार सुबह से ही डॉ. संजय ओक मुंबई मनपा के सायन अस्पताल में काम करने वाले अपने साथी डॉक्टरों के साथ ठाणे जिला अस्पताल पहुंचे और जिला अस्पताल के डॉक्टरों सहित आवश्यक कर्मचारियों के के सहयोग से जटिल बीमारियों से जूझ रहे बच्चों का ऑपरेशन किया. जिला सर्जन डॉ. कैलास पवार ने बताया कि शाम सात बजे तक 72 बच्चों की सर्जरी पूरी हो गयी.

डॉ. संकेत कुलकर्णी ने बताया कि इसी उद्देश्य से पूरे ठाणे जिले से बच्चों को सर्जरी के लिए ठाणे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था . डॉ. कुलकर्णी ने कहा कि इन बच्चों को स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुरबाड, शाहपुर, जव्हार, ठाणे और नवी मुंबई से चुना गया था. इन बाल रोगियों को हाइड्रोसील, हर्निया, मूत्र पथ की समस्याओं, छोटे ट्यूमर, एपेंडिसाइटिस, कटे होंठ और संयुक्त उंगली के कारण सर्जरी की आवश्यकता थी. लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण उनके माता-पिता ये सर्जरी कराने में सक्षम नहीं थे. डॉ. ओक के साथ सायन हॉस्पिटल के डॉ. पारस कोठारी, डॉ. अभय गुप्ता, डॉ. नम्रता कोठारी, डॉ. यतिन खैरनार, डॉ. तुलसीदास मांगे, डॉ. मनीष कोटवानी, डॉ. शाहजी देशमुख, डॉ. मैत्रेयी सावे, डॉ. अदिति दलवी, डॉ. सुकन्या विंचुरकर, डॉ. प्रतीक्षा जोशी, डॉ. मुग्धा नायक सहित अन्य डॉक्टरों ने ऑपरेशन में भाग लिया.

# महिला से दुष्कर्म-धमकाने के आरोप में आरपीएफ जवान के खिलाफ केस दर्ज

**ठाणे.** ठाणे में 30 वर्षीय महिला से दुष्कर्म करने और धमकाने के आरोप में पुलिस ने रेलवे सुरक्षा बल ( आरपीएफ) के जवान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी ने महिला से 2022 में दोस्ती की थी। वह महिला को कल्याण में कई स्थानों पर ले जाता था और शादी का वादा कर उससे दुष्कर्म करता था। हालांकि, बाद में आरोपी ने पीड़िता से शादी करने से इनकार कर दिया। उसने महिला को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## गरीब तबके का मार रहे हक

अगर करोड़ों की कीमत वाली बीएमडब्ल्यू कार और घर में वातानुकूलित यंत्रों का इस्तेमाल करने वाले भी गरीब और वंचित तबकों के लिए निर्धारित सहायता का लाभ उठाने से नहीं हिचकते, तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है। यह न केवल प्रशासनिक ढांचे में घुले भ्रष्टाचार का उदाहरण है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि एक समुदाय में समृद्ध या सुविधा-संपन्न माने जाने वाले लोग बहुत कम पैसों के लिए नैतिकता को ताक पर रख सकते हैं, कमजोर तबकों का हक चुराने में कोई शर्म महसूस नहीं करते।

गौरतलब है कि केरल में वित्त आयोग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों के संबंध में एक समीक्षा की, जिसमें यह खुलासा हुआ कि बीएमडब्ल्यू कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग भी इस पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। राज्य में राजपत्रित अधिकारियों और कालेज के प्रोफेसरों समेत करीब डेढ़ हजार सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने की खबरों से लोगों में स्वाभाविक नाराजगी है।

निश्चित रूप से यह गलत तरीके से लाभ उठाने वालों के साथ राज्य के प्रशासनिक तंत्र के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत का नतीजा है। मगर सवाल है कि यह घोटाला कितने समय से और किसके संरक्षण में चलता रहा! केरल सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना गरीब तबकों के लिए शुरू की थी। इसके तहत बुजुर्ग, विधवाएं, दिव्यांग और गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को हर महीने सोलह सौ रुपए दिए जाते हैं। मगर भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर कुछ समृद्ध लोगों ने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े गरीबों का हक चुराने में कोई संकोच नहीं किया।

### अवैध तरीके से खा रहे थे गरीबा का हक

दरअसल, केरल के बारे में सामान्य धारणा यही है कि वहां तंत्र के स्तर पर भ्रष्टाचार के उदाहरण कम मिलते हैं और वहां का समाज भी अपेक्षया ईमानदार है। यह एक आम तस्वीर हो सकती है, मगर घोटाले का ताजा मामला यही दर्शाता है कि राज्य के प्रशासन तंत्र में भ्रष्टाचार में लिप्त या उसकी अनदेखी करने वाले लोग भी इतना प्रभाव रखते हैं कि करीब डेढ़ हजार लोग अनुचित और अवैध तरीके से वास्तविक जरूरतमंदों की हकमारी कर रहे थे।

# भारत के लिए औपनिवेशिक गुलामी से मुक्ति जरूरी

यद्यपि हमने 15 अगस्त, 1947 को तत्कालीन औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की, किंतु अंग्रेजों की लगभग 200 वर्षों की दासता का दुष्प्रभाव हमारी संस्थाओं, व्यवस्थाओं, राजनीतिक-सामाजिक प्रतीकों एवं जीवनशैली में विद्यमान है। औपनिवेशिक प्रवृत्ति एवं परंपराओं, हमारी शासन व्यवस्था, भाषा, वास्तुकला एवं जीवन के अन्यान्य क्षेत्रों में अब भी मौजूद हैं। तत्कालीन भौगोलिक परतंत्रता अब मानसिक और सांस्कृतिक गुलामी में परिवर्तित हो रही है। वर्तमान परिदृश्य में जब भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि हम औपनिवेशिक मानसिकता एवं उसके प्रतीकों से मुक्त हों। आज विश्वभर के चिंतक इस बात से सहमत हैं कि गुलामी केवल शारीरिक रूप से किसी देश पर अधिकार जमाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह उस राष्ट्र के जीवन दर्शन एवं मूल्यों को भी प्रभावित करती है।

अंग्रेजों ने भारत पर शासन करते हुए सिर्फ भौगोलिक एवं आर्थिक शोषण ही नहीं किया, वरन सामाजिकता, परंपरा, इतिहास और सांस्कृतिक अस्मिता को भी विकृत करने का दुष्प्रयास किया। परिणामस्वरूप ऐसी मानसिकता का विकास हुआ जिसमें भारतीय नागरिक 'स्व' के अस्तित्व को भूलकर पश्चिमी सभ्यता विमर्श के अनुगामी बन बैठे।

जैसे कि भारत में आज भी अंग्रेजी भाषा का वर्चस्व है। अंग्रेजी के मुकाबले अन्य भारतीय भाषाओं को हीनता की दृष्टि से देखा जाता है। उच्च शिक्षा, न्याय प्रणाली एवं



प्रशासनिक कार्यों में अंग्रेजी का ही बोलबाला है। भारतीय भाषाओं का व्यवहार करने वालों को कमतर आंका जाता है एवं अंग्रेजी बोलने वालों को अधिक योग्य माना जाता है। कई माता-पिता इस बात पर गर्व करते हैं कि हमारा बेटा जिस स्कूल में पढ़ता है वहां एक भी शब्द हिंदी का बोलना नहीं दिया जाता।

युवा पीढ़ी न तो अपनी मातृभाषा में लिखने-पढ़ने में सक्षम है और न ही भारतीय साहित्य और ग्रंथों को समझने में। ऐसी स्थिति ने भारतीय ज्ञान परंपरा को संकट में डाल दिया है। अंग्रेजी से हमें परहेज नहीं होना चाहिए, परंतु उसे अपनी मातृभाषा से ज्यादा महत्व देना ठीक वैसे है जैसे अपनी मां के स्थान पर दूसरे की मां को अधिक श्रेष्ठ मानना।आज संपूर्ण जीवनशैली में पश्चिमी बातों का अंधानुकरण करना एक 'स्टेटस सिंबल' सा बन गया है। परंपरागत व्यंजनों के प्रति हमारी रुचि कम हो रही है एवं पाश्चात्य व्यंजन हमारी थाली की शोभा बढ़ा रहे हैं। आज हम जो फादर्स-मदर्स-ब्रदर्स-सिस्टर्स-वैलेंटाइन डे आदि मनाते हैं, यह तो हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं, अपितु पाश्चात्य संस्कृति की भोंडी नकल हैं। हमारे लिए तो जीवन का प्रत्येक क्षण इन रिश्तों में आत्मीयता हेतु समर्पित था। हम अपनी प्रकृति-प्रेमी जीवनशैली से विरक्त होकर प्रकृति विरोधी पथ पर अग्रसर हो गए हैं। परिणामतः जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम झेलने को विवश हैं।

संपूर्ण व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित करने वाली गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के बजाय भारतीय शिक्षा प्रणाली आज भी मैकाले द्वारा स्थापित ढांचे पर आधारित है, जिसका उद्देश्य भारतीयों को अंग्रेजी शासन के लिए 'क्लर्क' तैयार करना था। हमारी शिक्षा व्यवस्था आज पश्चिमी ज्ञान को श्रेय देती है एवं भारतीय ग्रंथों, विज्ञान और परंपराओं को हाशिये पर धकेल रही है।

इस हेतु हमें भारतीय ज्ञान प्रणाली का नए सिरे से अध्ययन एवं वर्तमान में उनकी उपादेयता पर सघनता से कार्य करना होगा। आज भी भारतीय न्याय प्रणाली एवं प्रशासनिक व्यवस्था ब्रिटिश माडल पर आधारित है। न्यायिक प्रक्रिया अंग्रेजी में होती है, जो आम जनमानस की समझ से परे है। इस दिशा में तेजी से परिवर्तन की आवश्यकता है। भला हो मोदी सरकार का जिसने पहली बार भारतीय न्याय संहिता लागू की।

अंग्रेजों ने भारतीयों में यह भावना विकसित की कि हम सभ्यता, ज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में पश्चिम से कमतर हैं। यहां तक कहा गया कि भारतीयों को सभ्य बनाना अंग्रेजों का अतिरिक्त कर्तव्य है। यह मानसिक गुलामी हमारे विकास में बाधा बन रही है। भारतीय परंपराओं, संस्कारों, रीति रिवाजों, कौशल-विकास परंपरा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था आदि को आधुनिकता के नाम पर त्यागा जा रहा है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**ध्यानाभ्यास के द्वारा हम जान जाते हैं कि हमारे अंदर शांति और प्रेम का स्रोत है, जो हमारे जीवन को समृद्ध कर सकता है।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# त्योहारी मौसम के बाद भी अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त

जल्दी ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के दावों के बीच चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में विकास दर 5.4 फीसद रहने के आंकड़े स्वाभाविक रूप से निराशाजनक हैं। हालांकि जुलाई-सितंबर की तिमाही में अक्सर विकास दर सुस्त देखी जाती है, मगर आर्थिक संगठनों और खुद सरकार ने इसके करीब सात फीसद के आसपास रहने का अनुमान लगाया था। अब कहा जा रहा है कि अगली छमाही में विकास दर अच्छी रहेगी।

अक्तूबर-दिसंबर की तिमाही चूंकि त्योहारी मौसम की होती है, इसलिए इसमें वृद्धि देखी ही जाती है। मगर ताजा आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद को लेकर चिंता पैदा करते हैं। दूसरी तिमाही में सबसे बुरी गत विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र की रही। विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 2.2 फीसद दर्ज हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 14.3 फीसद थी। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि की 13.6 फीसद से घट कर 7.7 पर पहुंच गई। इसी तरह आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में वृद्धि दर घट कर 3.1 फीसद रह गई, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 12.7 फीसद थी। कृषि जैसे कुछ क्षेत्रों में मामूली वृद्धि को छोड़ दें, तो ज्यादातर क्षेत्रों में विकास दर सुस्त ही दर्ज हुई है।



इस सुस्ती के पीछे तर्क दिए जा रहे हैं कि रेपो दर ऊंची रहने और महंगाई पर काबू न पाए जा सकने की वजह से उपभोक्ता व्यय घटा है। इसके अलावा राजस्व घाटा कम करने के उद्देश्य से सरकारी व्यय भी कम कर दिया गया है। इसका असर सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ा है। मगर फिलहाल इन स्थितियों में सुधार की बहुत संभावना नजर नहीं आती। विनिर्माण क्षेत्र में विकास दर सुस्त रहने का अर्थ है कि बड़े पैमाने पर लोगों के सामने रोजगार का संकट बढ़ा है।

यही क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराता है। रोजगार और लोगों की कमाई घटने का स्वाभाविक असर उपभोक्ता व्यय पर पड़ता है। लोग केवल जरूरी चीजों की खरीद करते हैं, विलासिता की और टिकाऊ कही जाने वाली वस्तुओं की खरीद कम होने लगती है। स्वाभाविक ही इससे उत्पादन घट जाता है। यह भी एक महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि पिछले नौ-दस वर्षों में लोगों की मजदूरी और औसत वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। लंबे समय से इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि जब तक लोगों की क्रयशक्ति नहीं बढ़ेगी, तब तक आर्थिक विकास के सारे उपाय तदर्थ ही साबित होंगे।

### अन्य पहलुओं पर भी संतुलन साधने की जरूरत

अर्थव्यवस्था में मजबूती के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ अन्य पहलुओं पर भी संतुलन साधने की जरूरत होती है। निर्यात के मामले में लगातार निराशाजनक तस्वीरें आती रही हैं। चीन आदि देशों के साथ हमारा व्यापार घाटा निरंतर बढ़ रहा है। इसी तरह बेशक जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी के आंकड़े दर्ज हो रहे हों, पर हकीकत में राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। इस पर काबू पाने के लिए सरकारी व्यय में कटौती करनी पड़ रही है। जिस तरह विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी आ रही है, उससे जाहिर है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सिकुड़ रहा है।

ऐसी स्थिति में विकास परियोजनाओं पर भी बुरा असर पड़ेगा। आर्थिक विकास के ताजा आंकड़े सरकार के लिए चेतावनी हैं कि उसे तदर्थ और अव्यावहारिक उपायों के बजाय बुनियादी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिसमें रोजगार और लोगों की आय में बढ़ोतरी के अवसर पैदा करने होंगे।

# एक-दूसरे को देखकर क्यों आती है उबासी?

हमारी ज़िंदगी में बहुत सी ऐसी चीज़ें होती हैं, जिनके बारे में हम जानते भी नहीं हैं. हमें कई बार तो एहसास

**जरा हट के**

भी नहीं होता कि हम कर क्या रहे हैं. कुछ ऐसा ही है उबासी लेने के मामले में. अजीब बात ये है कि हम किसी को उबासी लेते हुए देखते हैं तो हमें खुद ब खुद उबासी या जम्हाई आने लगती है. आपको ये जानकर अजीब लगेगा कि उबासी का कनेक्शन हमेशा नींद या थकान से नहीं होता है, बल्कि इसकी अपनी दिलचस्प वजहें हैं. ये बोरियत से भी कनेक्टेड नहीं है बल्कि वैज्ञानिक वजह होती है, जो हमें एक-दूसरे को देखकर उबासी लेने पर मजबूर कर देती है.

प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट बताती है कि उबासी का कनेक्शन हमारे दिमाग से होता है. काम करने के दौरान जब दिमाग हीट हो जाता है, तो दिमाग को ठंडा करने के लिए जम्हाई या उबासी आती है. इससे शरीर का तापमान नियत



हो जाता है. सर्दियों में ऑक्सीजन की ज़्यादा ज़रूरत पड़ती है, यही वजह है कि जम्हाई भी सर्दियों में ज्यादा आती है.

साल 2004 में म्यूनिख की साइकियाट्रिक यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में एक रिसर्च हुई. इसमें बताया गया कि उबासी भी संक्रमण फैलाती है. करीब 300 लोगों पर की गई रिसर्च में 50 फीसदी लोग ऐसे थे, जो दूसरे को देखने के बाद उबासी लेने लगे. वैज्ञानिकों का मानना है कि जब किसी को उबासी लेते हुए इंसान देखता है, तो उसका मिरर न्यूरॉन सिस्टम एक्टिव हो जाता है और वो उसे नकल के लिए प्रेरित करता है.

इतना ही नहीं एक स्टडी ये भी कहती है कि जिन लोगों का मस्तिष्क ज्यादा काम करता है, उन्हें उबासी भी लंबी आती है. हालांकि इसका थकान से ज्यादा संबंध मस्तिष्क को ठंडा और तापमान नियंत्रित करने से है.

साल 2020 में हुई एक स्टडी में भी देखा गया था कि हाथी के साथ रहने वाले महावत जब उबासी लेते थे, जो हाथी भी उबासी लेते थे, क्योंकि वे उनसे सामाजिक तौर पर जुड़े हुए थे. ये प्रक्रिया शैशवकाल के बाद शुरू होती है, जब बच्चों का दिमाग सामाजिक तौर पर सक्रिय हो जाता है. है ना मज़ेदार सी बात.

# इम्यूनिटी का हाई डोज इंजेक्शन साबित होंगे ये देसी साग

**सर्दियां आते ही जहां कई तरह के फ्लू और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. वहीं प्रकृति इसे बैलेंस करने के लिए हमें प्राकृतिक उपचार भी देती है. इस मौसम में एक से बढ़कर एक हरी सब्जियां बाजार में मलिती हैं, जो आपकी इम्यूनिटी के लिए किसी इंजेक्शन के डोज की तरह साबित होती हैं. इन हरी सब्जियों में आयरन, प्रोटीन, मैग्नेशियम, कैल्शयिम जैसे इतने तत्व मलिते हैं, जो आपके शरीर को हर बीमारी से लड़ने के लिए तैयार कर देते हैं. तो आज ही बाजार में मिलने वाली ये हरी सब्जियां झोला भरकर ले आएं, जो आपकी सेहत के लिए किसी रामबाण औषधि की तरह साबित होगी. जानिए कौनसी हैं ये देसी हरे साग.**

**1.पालक साग:** पालक साग एक हरी पत्तेदार सब्जी है. जो स्किन, बाल, हड्डियों समेत संपूर्ण सेहत के लिए फायदेमंद है. पालक में आयरन है, ये तो सबको पता है लेकिन ये इसके साथ ही ब्लड ग्लूकोज लोवल को भी सुधारता है. यह साग कैंसर के रिस्क को कम कर सकता है. यदि महिलाएं पालक का सेवन प्रतिदिन करें तो शरीर में आयरन की कमी नहीं होगी. साथ ही हड्डियों की समस्याओं से बचाता है. कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन से भरपूर होता है पालक का साग.

**2.बथुआ का साग** : बथुआ, एक ऐसा साग है, जसिके बनि कोई भी साग बनना जैसे अधूरा होता है. ये आंखों की सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है. बथुआ में विटामिन A होता है जो कि आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है. इसके अलावा बथुआ में कुछ फ्लेवोनोइ* और कैरोटिनॉइड



होते हैं जो कि शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स हैं और शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं. इम्यूनटी की बात करें तो इसमें पाया जाने वाला जकि आपको कसिी भी तरह के संक्रमण रोग से लड़ने की क्षमता देता है.

**3. सरसों का साग:** सर्दियों का सबसे पसंदीदा साग होता है सरसों का साग, जसिके साथ मक्के की रोटी खूब खाई जाती है. ये साग हाई प्रोटीन होता है और इस साग में फाइबर, विटामिन के, मैंगनीज, कैल्शियम, विटामिन बी 6 और विटामिन C भी भरपूर मात्रा में होता है. यानी ये साग भी इम्यूनिटी बिल्डअप करने में खूब मदद करता है. ये साग काफी गर्म होता है, इसलिए इसे सर्दियों में ही खाया जाता है.

**4. मेथी का साग :** मेथी का साग दिल के मरीजों और डायबिटीज के रोगियों के लिए बहुत ही फायदेमंदे है. ये शुगर कम करने के साथ पेट की कई समस्याओं को कम करने में मदद कर सकता है. मेथी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को दूसरी बीमारियों से बचाव में मदद करता है.

**5.चने का साग :** चने का साग स्वाद और सेहत दोनों की दृष्टि से गुणकारी होता है. इसमें प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है, साथ ही यह वजन घटाने के लिए बेहतरीन भोजन है. इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि यह कैलोरीज में बहुत कम होती है. साथ ही इम्युनिटी बढ़ाने में भी मदद करता है.

# तंदूरी मलाई ब्रोकली

खाना-खजाना

**ब्रोकली को हेल्थ के लिए सुपरफूड माना जाता है। ये कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसमें ग्लूकोराफेनिन नाम का यौगिक होता है, जो सल्फोराफेन नामक पदार्थ बनाता है। सल्फोराफेन कई समस्याओं से निपटने में मदद करता है। ब्रोकली में फाइबर, विटामिन सी और विटामिन के भी होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं और हड्डियों को स्वस्थ रखते हैं। इतने फायदे होने के बाद भी कम ही लोग इसे खाते हैं। अगर आपके घर के लोग भी इसे कम खाना पसंद करते हैं। तो तंदूरी मलाई ब्रोकली की रेसिपी ट्राई करें।**

### सामग्री :

- एक मीडियम साइज ब्रोकली
- 2 कप दही
- आधा कप फ्रेश क्रीम
- 2 बड़े चम्मच बेसन
- आधा छोटा चम्मच काली मिर्च पाउडर
- आधा छोटा चम्मच इलायची पाउडर
- एक छोटा चम्मच गरम मसाला
- एक छोटा चम्मच चाट मसाला
- एक कप मोजरेला चीज
- स्वाद के मुताबिक नमक
- 3 बड़े चम्मच बटर



- एक चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट

### विधि :

तंदूरी मलाई ब्रोकली बनाने के लिए सबसे पहले ब्रोकली के बड़े-बड़े टुकड़ों को काट लें। फिर ब्रोकली को उबले पानी में कुछ देर के लिए भिगो दें और फिर इसके पानी को छान लें। अब एक सूती कपड़े में दही को कुछ देर के लिए बांध दें। जब पानी निकल जाए तो दही को एक तरफ रखें। फिर एक बड़े कटोरे में ब्रोकली रखें और इसमें दही, क्रीम, बेसन, काली मिर्च, गरम मसाला, अदरक लहसुन का पेस्ट, चीज और नमक को एक साथ मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद कुछ देर मेरिनेट करने के लिए रख दें। जब ये अच्छे से मैरिनेट हो जाए तो इसे तंदूर में, एयरफ्रायर, या अवन में पका लें। तंदूरी मलाई ब्रोकली तैयार है, इसे दही वाली हरी चटनी और प्याज के साथ सर्व करें।

# घंटेभर बाद ही लिपस्टिक लगे होंठ फटने लगते हैं?

- **अप्लाई करने से पहले करें ये काम**
- **विंटर में भी रहेंगे सुर्ख-मुलायम**

आपकी लिपस्टिक चाहे जितनी भी अच्छी क्वालिटी की क्यों न हो, अगर आपके होंठ सूखे और फटे हुए दिख रहे हैं तो ये आपकी खूबसूरती को सही तरीके से उभार नहीं पाएगी. दरअसल, जो महिलाएं रेग्युलर लिपस्टिक लगाती हैं, वे इस परेशानी का सामना अक्सर करती हैं. महंगा लिपस्टिक लगाने पर भी कुछ ही देर में होठ फटे फटे से दिखने लगते हैं जो आपके लुक को खराब करने का काम करने लगता है. लेकिन सही तरीके से लिपस्टिक अप्लाई करें, तो ये न सिर्फ आपके होंठ पर लंबे समय तक टिके रहेंगे, बल्कि होठों को सुर्ख और मुलायम भी बनाकर रखेंगे. यहां हम आपको कुछ ऐसे आसान और प्रभावी टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो कर आप अपनी लिपस्टिक को और भी परफेक्ट बना सकती हैं.



### लिपस्टिक लगाने से पहले करें ये काम

**लिप एक्सफोलिएट जरूर करें:** लिप्स पर डेड स्किन जमा हो जाते हैं. इन्हें हटाने के लिए एक अच्छे एक्सफोलिएटर का इस्तेमाल करें. आप चीनी और शहद के पेस्ट की मदद से भी होठों को एक्सफोलिएट कर सकते हैं. इससे होठों से डेड स्किन हटेगी और लिपस्टिक ज्यादा देर तक टिकी रहेगी.

**लिप बाम लगाएं:** लिपस्टिक लगाने से पहले हमेशा लिप बाम जरूर लगाएं. यह होठों को हाइड्रेट करता है और सूखने से बचाता है. लिप बाम की पतली परत होठों को मुलायम बनाए रखती है और लिपस्टिक को लम्बे समय तक अच्छे से टिका कर रखने में मदद करता है.

**लिप लाइनर का उपयोग:** जब आप लिपलाइनर का इस्तेमाल करते हैं तो आपकी लिपस्टिक ज्यादा प्रॉपर और साफ दिखती है. यह लिप्स के शेप को परफेक्ट बनाता है और लिपस्टिक को फैलने से रोकता है.

**इस तरह करें अप्लाई:** सबसे पहले आप होठों के आउट लाइन पर अच्छी तरह लिपलाइनर से बॉर्डर बनाएं. फिर लिपलाइनर से होठों के बीच भी कलर फिल कर दें. फिर सावधानी से लिपस्टिक लगाएं और ऊपर से टिशू पेपर की मदद से एक्सेस लिपस्टिक हटा लें. एक बार फिर लिपस्टिक लगाएं और होंठों को प्रेस करें. इससे लिपस्टिक लंबे समय तक लगेगी. इस बात का ध्यान रखें कि लिपलाइन और लिपस्टिक का कलर एक ही शेड का हो. इन बातों को ध्यान में रखें तों आप देखेंगे कि आपकी लिपस्टिक लंबे समय तक होठों पर रहेगी और आपके होठ सुर्ख

# संतरे खरीदते समय मीठे और रसीले की ऐसे करें पहचान



जब भी संतरा खरीदें, उसे हाथ में उठाकर जरूर चेक करें. अगर संतरा हल्का लगे तो समझें कि वह जूसी नहीं है, क्योंकि हल्के संतरे में पानी की मात्रा कम होती है और वह खट्टे हो सकते हैं. वहीं, अगर संतरा भारी लगता है, तो वह ज्यादा रसीला और मीठा होता है, क्योंकि ऐसे संतरे में पानी अधिक होता है और वह खाने में मीठे होते हैं.

### संतरे के छिलके पर ध्यान दें

अगर संतरे की त्वचा पर उभार या हल्का रुखड़ा दिखे, तो यह ताजे और मीठे संतरे का संकेत हो सकता है. ऐसे संतरे खाने में स्वादिष्ट होते हैं. वहीं, अगर संतरा पिलपिला हो या इसकी त्वचा में कोई नुकसान हो, तो उसे न लें. क्योंकि वह सड़ा हुआ हो सकता है और स्वाद में खट्टा हो सकता है.

आप संतरे की खुशबू से भी उसकी मिठास का अनुमान लगा सकते हैं. संतरे के छिलके को हल्का सा रगड़ें और उसकी खुशबू को महसूस करें. अगर खुशबू में मीठापन हो, तो समझें कि यह संतरा स्वाद में भी मीठा होगा. खट्टे संतरे में ताजगी और मिठास की कमी होती है, जबकि मीठे संतरे में यह तत्व अधिक होते हैं.

फल विक्रेता अशोक कुमार बताते हैं कि वे नागपुरी संतरे लाते हैं, जो दिखने में हरे और पीले होते हैं. यह संतरा दिखने में थोड़ा अलग होता है, लेकिन इसमें बहुत अधिक रस और मिठास होती है. इन्हें खरीदने पर आपको स्वादिष्ट संतरे का अनुभव होगा. संतरे का आकार भी महत्वपूर्ण होता है. छोटे आकार के संतरे अक्सर खट्टे होते हैं, जबकि बड़े संतरे आम तौर पर ज्यादा रसीले और मीठे होते हैं. इसलिए हमेशा बड़े आकार के संतरे खरीदें, जो मीठे और जूसी होते हैं.

इन सभी टिप्स को ध्यान में रखकर आप आसानी से मीठे और रसीले संतरे चुन सकते हैं. अगली बार जब आप बाजार जाएं, तो इन टिप्स का पालन करें और संतरे का पूरा मजा लें.

**लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.**

## आज का राशिफल

**मेष** : उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। सम्मान व कीर्ति में वृद्धि होगी। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ मिलने के योग हैं। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। यात्रा व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें।

**वृषभ** : स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी का पूर्ण ध्यान रखें। रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति होगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कानूनी विवादों का निपटारा होगा।

**मिथुन** : मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। संतान पर अनावश्यक रोक न लगाएँ। धन लाभ होने की भी संभावना है। बुरी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दौड़धूप अधिक होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में सीमित रहें।

**कर्क** : प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश, यात्रा व नौकरी लाभ देंगे। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। इच्छित काम पूर्ण हो सकेंगे। मेहनत का फल मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। स्वास्थ्य की समस्या सुलझेगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**सिंह** : प्रसन्नता रहेगी। स्वाभिमान रहेगा। अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आय-व्यय में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। प्रमाद न करें। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। वैवाहिक अड़चनें समाप्त होंगी। विरोधी परास्त होंगे।

**कन्या** : भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भौतिक विकास के कार्यों को बल मिलेगा। फालतू खर्च होगा। भागीदारी के प्रस्ताव आएँगे। दिनचर्या नियमित रहेगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। रिश्तेदारों से भेंट हो सकेगी। दूसरों की आलोचना, निंदा से दूर रहें।

**तुला** : नई योजनाओं का सूत्रपात होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यावसायिक समस्याओं का हल आपके माध्यम से हो सकेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। दूसरों से व्यर्थ में न उलझें।

**वृश्चिक** : प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। पुरानी लेनदारी वसूल होगी। यात्रा सफल रहेगी। व्यवहार-कुशलता से समस्या का समाधान संभव है। व्यापारिक निर्णय लेने में देरी नहीं करना चाहिए। लाभ होगा।

**धनु** : आज प्रसन्नता बनी रहेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। अधूरे पड़े कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी। प्रयास व सहयोग से अनुकूलता आएगी। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। पिता से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** : व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नए प्रस्ताव प्राप्त होंगे। सुखद यात्रा के योग हैं। रचनात्मक काम होंगे। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आलस्य को त्यागें। कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त हो सकती है।

**कुंभ** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। व्यापार अच्छा चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। सोच-समझकर व्यय करें। वाहन के प्रयोग में सावधानी रखें।

**मीन** : व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। कानूनी बाधा दूर होगी। प्रसन्नता रहेगी। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद कर पाएँगे। काम के प्रति लापरवाही न करें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग व समर्थन मिलेगा। लाभ होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### चलती बस से थूकने में चली गई एक शख्स की जान, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गिरकर मौत

**लखनऊ.** चलती बस से थूकना लखनऊ के रहने वाले एक व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हुआ। ऐसा करने के दौरान वह संतुलन खो बैठे और नीचे गिर गए। यह हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे 93 किलोमीटर के मील के पत्थर बल्दीराय के बीही के पास शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे के करीब हुआ। दरवाजा खोलते ही झटके से चलती बस से वो सड़क पर गिरे। हादसे के बाद यूपीडा के कर्मचारियों ने घायल शख्स को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लखनऊ के चिनहट क्षेत्र के शेखर होटल छतरीक रोड के रहने वाले 45 वर्षीय राम जियावन आजमगढ़ से लखनऊ जा रही यूपी रोडवेज की वातानुकूलित बस से यात्रा कर रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार बस सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पूरी गति से आगे बढ़ रही थी। कथित तौर पर उन्होंने थूकने के लिए बस का दरवाजा खोला। ऐसा करते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया। वह बस से नीचे गिर गए। दुर्घटना के बारे में पता चलते ही यूपीडा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को भी घटना की जानकारी दी। यूपीडा के कर्मचारियों ने आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल पर पहुंचाया लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पेट्रोल पंप पर लुटेरों का धावा, गन प्वाइंट पर पांच लाख लूटे, जेब में भर ले गए

**मिर्जापुर.** यूपी के मिर्जापुर में लालगंज थाना क्षेत्र के ज्ञान गंगा पेट्रोल पंप के कैश काउंटर पर सोमवार की भोर में गन प्वाइंट पर दो कर्मचारियों को लेकर लुटेरों ने पांच लाख से ज्यादा पार कर दिए। लूटपाट करने आए बदमाश अपने साथ कोई थैला या बैग तक नहीं लाए थे। पूरा कैश जैकेट और पैंट की जेब में ठूंस-ठूंसकर भरा और फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंचे एसपी अभिनंदन सिंह ने सीओ लालगंज व थानाध्यक्ष के साथ घटना की छानबीन की। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस सुराग की कोशिश में जुटी है। हालांकि अभी कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। भदोही जिले के ज्ञानपुर निवासी राजू मिश्रा का लालगंज मार्ग पर ज्ञान गंगा पेट्रोल पंप है।

### चौकीदारों को बंधक बनाकर 147 गैस सिलिंडर ले भागे, गांववालों ने डकैती बताई

**वाराणसी.** वाराणसी के छतेरी मानापुर गांव (मिर्जामुराद) में शनिवार रात इंडेन ग्रामीण वितरक एजेंसी के दो चौकीदारों को बंधक बनाकर 147 भरे गैस सिलेंडर ले जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीण डकैती बता रहे थे, जबकि मिर्जामुराद पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने एजेंसी के लिए जाने वाले मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे खंगाले। डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार और एडीसीपी आकाश पटेल ने मुआयना किया। चित्रसेनपुर निवासी संजय तिवारी की छतेरी मानापुर गांव में एजेंसी है। रात में सुरक्षा के लिए प्रमोद तिवारी और सीताराम चौकीदारी करते हैं। दोनों चौकीदारों ने बताया कि रात करीब 1 बजे 12 से 14 बदमाश बाउंड्री फांदकर पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। दोनों को घायल कर दिया। गमछे से हाथ पीछे से बांध दिया। इसके बाद चाकू की नोक पर एक कमरे में ले गये। दो बदमाश उनकी निगरानी में थे। जबकि बाकी गोदाम से रसोई गैस सिलेंडर निकालने लगे। करीब तीन बजे बदमाश लूटपाट कर भाग निकले। जाते-जाते बदमाश प्रमोद तिवारी का मोबाइल फोन भी ले गये।

# 4 दिसंबर को भाजपा विधायक दल की मीटिंग

## निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी पर्यवेक्षक के तौर पर रहेंगे मौजूद





**मुंबई.** महाराष्ट्र में सीएम के नाम पर मुहर लगाने के लिए भाजपा विधायक दल की मीटिंग होगी। इस मीटिंग में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भाजपा के सीनियर नेता विजय रूपाणी पर्यवेक्षक के तौर पर मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि इस मीटिंग में ही ऐलान किया जाएगा कि मुख्यमंत्री किसे बनाया जाएगा। भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के लिए ही मीटिंग होनी है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि 4 दिसंबर को भाजपा विधायक दल की मीटिंग की जाएगी, जिसमें किसी एक नेता का नाम प्रस्तावित किया जाएगा और फिर से सभी विधायकों की मंजूरी ली जाएगी। फिलहाल यही चर्चा है कि देवेंद्र फडणवीस का नाम ही भाजपा हाईकमान की ओर से प्रस्तावित किया जाएगा, लेकिन इस पर कोई पुष्टि नहीं की गई है। इसके अलावा कोई खुलकर इस मसले पर बोल भी नहीं रहा है।

अब तक मिली जानकारी के अनुसार एकनाथ शिंदे पूरा जोर लगा रहे हैं कि यदि वह सीएम नहीं बनाए जा रहे हैं तो फिर होम मिनिस्ट्री जैसा ताकतवर मंत्रालय ही मिल जाए। शिवसेना के करीबी सूत्रों का कहना है कि लंबे समय से एकनाथ शिंदे होम मिनिस्टर बनना चाहते थे। उनकी यह इच्छा रही है कि वह पूरे महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था का जिम्मा संभालें। किसी भी सरकार में मुख्यमंत्री के बाद होम मिनिस्टर सबसे ताकतवर शख्सियत होता है। एकनाथ शिंदे के सीएम रहते हुए देवेंद्र फडणवीस ने यह जिम्मेदारी संभाली है। अब यदि भाजपा का सीएम रहेगा तो एकनाथ शिंदे चाहते हैं कि वह होम मिनिस्टर बन जाएं।

इस बीच खबर है कि एकनाथ शिंदे ने सोमवार को भी अपनी सारी बैठकें रद्द कर दी है। शिंदे के करीबी सूत्रों का कहना है कि वह अब भी बुखार से पीड़ित हैं। इसके चलते उन्होंने शिवसेना विधायकों के साथ मीटिंग को भी टाल दिया है। वहीं डिप्टी सीएम अजित पवार दिल्ली पहुंच रहे हैं। उनके साथ सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल भी दिल्ली पहुंच रहे हैं।एकनाथ शिंदे की तबीयत खराब रहने और अजित पवार के दिल्ली पहुंचने को लेकर कयासों का दौर तेज है, लेकिन कहीं भी किसी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

# INDIA ब्लॉक की बैठक में TMC नहीं गई

- कहा- कांग्रेस सिर्फ अडाणी मुद्दे पर अटकी
- PM 13-14 दिसंबर को दोनों सदनों को संबोधित करेंगे



**नई दिल्ली.** संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार पांचवें दिन भी हंगामा हुआ। विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदन में अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी नेताओं ने वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगाए।

सोमवार को लोकसभा में सिर्फ 14 मिनट और राज्यसभा में करीब 15 मिनट ही कार्यवाही चल सकी। इससे पहले चार दिनों के अंदर चार बैठकों में दोनों सदनों में कुल 40 मिनट ही कार्यवाही हो सकी थी।

बैठक से पहले INDIA ब्लॉक के नेताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इसमें लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। हालांकि TMC सांसद नहीं आए। TMC से जुड़े सूत्रों ने कहा कि वे सदन में बेरोजगारी, मणिपुर, महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस सिर्फ अडाणी मुद्दे पर हंगामा कर रही है।

### जयशंकर भारत-चीन मुद्दे पर नहीं बोल पाए

उधर, सदन स्थगन के चलते लोकसभा में आज विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत-चीन मुद्दे पर नहीं बोल पाए। वहीं वित्त मंत्री सीतारमण भी लोकसभा में बैंकिंग लॉ संशोधन बिल पेश नहीं कर सकीं।

### PM फिल्म 'साबरमती रिपोर्ट' देखेंगे

PM मोदी संसद लाइब्रेरी के बालयोगी ऑडिटोरियम में फिल्म 'साबरमती रिपोर्ट' देखेंगे। यह गोधरा कांड और उसके बाद हुए गुजरात दंगों पर आधारित है। फिल्म 15 नवंबर को रिलीज हुई थी।

# पड़ोसी ने साफ कर दिए 300 सोने के सिक्के और 1 करोड़ रु.

**कन्नूर.** कन्नूर जिले में पिछले सप्ताह एक व्यापारी के घर से एक करोड़ रुपये और सोने के 300 सिक्के चोरी होने के मामले में केरल पुलिस ने सोमवार को शिकायतकर्ता के पड़ोसी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के लिए गठित किए गए जांच दल ने शनिवार को आरोपी लिजेश (30) को हिरासत में ले लिया।चोरी की गई नकदी और सिक्के, लिजेश के घर में एक खाट के नीचे से बरामद किए गए। लिजेश पेशे से 'वेल्डर' है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और 'फिंगरप्रिंट' साक्ष्य के आधार पर सफलता मिली। सीसीटीवी में आरोपी को चोरी के अगले दिन उसी घर में वापस आते हुए देखा गया और इससे चोरी के इस प्रकरण में किसी परिचित व्यक्ति के शामिल होने का संदेह पैदा हुआ। पुलिस ने बताया कि घर के अंदर एक छेनी और उंगलियों के निशान जैसे महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। चावल व्यापारी अशरफ और उनका परिवार 19 नवंबर को मदुरै में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था और 24 नवंबर को घर लौटने के बाद उन्हें घटना के बारे में पता लगा।

# फेंगल तूफान-तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में लैंडस्लाइड

- मकानों पर गिरी 40 टन की चट्टान
- 7 लोग लापता;
- कृष्णागिरी में भारी बारिश से बसें-कारें बह गईं



अन्नामलाई मंदिर की पहाड़ी पर भी एक चट्टान लटकी हुई है जो कभी भी गिर सकती है।



तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के उथंगराई बस स्टैंड पर सड़क पर खड़ी गाड़ियां बह गईं, जो वानियमबाड़ी रोड पर है।

**नई दिल्ली.** बंगाल की खाड़ी से उठे फेंगल तूफान के असर के चलते सोमवार को केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र में भारी बारिश हो रही है। फेंगल तूफान 30 नवंबर शाम 7:30 बजे पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच समुद्र तट से टकराया था। तूफान अब केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पहुंच गया है।

तमिलनाडु में तिरुवन्नामलाई में पहाड़ी पर भूस्खलन हुआ। NDRF के मुताबिक, लगभग 40 टन वजनी चट्टान पहाड़ से लुढ़ककर वीयूसी नगर की सड़क पर बने घरों पर गिरी जिससे 2 घर जमींदोज हो गए। 7 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है।

# किसान आंदोलनकारियों को सुप्रीम कोर्ट की नसीहत- हाईवे न रोकें

- जनता की सुविधा का भी ख्याल रहे



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा और पंजाब को जोड़ने वाले खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को नसीहत दी है। अदालत ने सोमवार को सुनवाई के दौरान किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से कहा कि आप प्रदर्शनकारी किसानों को समझाएं कि वे राजमार्गों को बाधित न करें और लोगों को सुविधाओं का ध्यान रखें। डल्लेवाल को पुलिस ने खनौरी बॉर्डर से उठा दिया था, लेकिन अब कोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया गया कि उन्हें पुलिस ने कथित हिरासत से रिहा कर दिया है। इसके बाद वह एक बार फिर से विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं। उनके साथ कई किसान एमएसपी की गारंटी के लिए कानून बनाने समेत कई मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे हैं।

डल्लेवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आप शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं लेकिन लोगों को असुविधा नहीं होने दें। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुयां की बेंच ने कहा कि 26 नवंबर को खनौरी बॉर्डर से डल्लेवाल को उठाया गया था। अब वह फिर से रिहा हो गए हैं और अपने साथियों को समझाते हुए भी दिखे कि वे आमरण अनशन समाप्त कर दें। बेंच ने डल्लेवाल की ओर से पेश वकील गुनिंदर कौर गिल से अदालत ने कहा कि आपको यह ध्यान रखना चाहिए कि जनता को आंदोलन से असुविधा न हो।

# दिल्ली में पाबंदियां कम नहीं होंगी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ढील तभी, जब प्रदूषण घटे
- राज्य बताएं कितने मजदूरों को हर्जाना दिया



**नई दिल्ली.** दिल्ली में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में GRAP-IV स्टेज की पाबंदियों को 5 दिसंबर तक बढ़ा दिया। जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा- 5 दिसंबर तक AQI लेवल में गिरावट देखने के बाद ही GRAP-IV पाबंदियों में ढील दी जाएगी। साथ ही कोर्ट ने NCR राज्यों दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और यूपी के मुख्य सचिवों को 5 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौजूद रहने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा- सचिवों को बताना पड़ेगा कि GRAP-IV पाबंदियां लागू होने के बाद कितने कंस्ट्रक्शन मजदूरों को भुगतान दिया गया। दरअसल, GRAP-IV के तहत कंस्ट्रक्शन और डेवलपमेंट गतिविधियों पर रोक रहती है। ऐसे में कोर्ट ने आदेश दिया था कि काम बंद होने पर मजदूरों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ेगा इसलिए उन्हें आर्थिक मदद दी जानी चाहिए। दिल्ली सरकार ने बताया कि उसने 90,000 कंस्ट्रक्शन मजदूरों को तत्काल 5,000 रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया है। कुल 13 लाख मजदूर हैं, फिलहाल समस्या वैरिफिकेशन की है।

# पोलिंग स्टेशन पर वोटर्स की संख्या बढ़ाने के खिलाफ याचिका

- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा
- अभी एक पोलिंग स्टेशन पर 1500 मतदाता



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पोलिंग सेंटर्स पर मतदाताओं की संख्या 1200 से 1500 करने के फैसले पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा। कोर्ट ने चुनाव आयोग से 3 हफ्ते में संक्षिप्त हलफनामा दायर करने के निर्देश दिए हैं।

CJI संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से फैसले के पीछे के तर्क को स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। हालांकि सिंह ने कहा- पोलिंग सेंटर्स 2019 से वोटर्स की बढ़ी हुई संख्या को एडजस्ट कर रहे हैं। यह फैसला करने से पहले सभी राजनीतिक दलों से सलाह ली जाती है।

अगली सुनवाई जनवरी 2025 में होगी। अगली सुनवाई से पहले याचिकाकर्ता को भी हलफनामे की एक कॉपी देने का निर्देश दिया।

जस्टिस कुमार ने यह भी पूछा, एक पोलिंग स्टेशन में कई पोलिंग बूथ हो सकते हैं, तो क्या यह नीति सिंगल पोलिंग बूथ पर भी लागू होगी?

इंदु प्रकाश सिंह की ओर से दायर याचिका में अगस्त 2024 में चुनाव आयोग की तरफ से जारी 2 फैसलों को चुनौती दी गई है। इसमें देश के हर पोलिंग सेंटर में वोटर्स की संख्या बढ़ाने की बात कही गई है।

याचिका में सिंह ने तर्क दिया गया है कि हर पोलिंग स्टेशन में वोटर्स की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना था और किसी भी डेटा पर आधारित नहीं था।

# फुटबॉल मैच के दौरान हिंसा, 100 की मौत



- रेफरी के विवादित फैसले पर भड़के लोग
- पुलिस स्टेशन जलाया

गिनी के दूसरे सबसे बड़े शहर जेरेकोर में रविवार को एक फुटबॉल मैच के दौरान हिंसा में करीब 100 लोगों की मौत हो गई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक रविवार को लाबे और जेरेकोर फुटबॉल टीमों के बीच मैच चल रहा था। इस दौरान मैच रेफरी ने एक विवादित फैसला सुनाया, जिससे दोनों टीमों में लड़ाई होने लगी। झगड़ा होता को देख दर्शक भी मैदान में घुस गए और हिंसा शुरू कर दी।

AFP की रिपोर्ट के मुताबिक लोगों ने एन'जेरेकोर के एक पुलिस स्टेशन में भी तोड़फोड़ की और आग लगा दी। स्थानीय अस्पताल के एक डॉक्टर ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा- **अस्पताल में जहां तक नजर जाती है, शव कतारों में पड़े हैं। बाकी लोग गलियारे में फर्श पर पड़े हैं। मुर्दाघर भरा हुआ है।**

यह मैच गिनी सेना के आर्मी जनरल मामाडी डोम्बौया के सम्मान में हो रहा था। डोम्बौया ने साल 2021 में गिनी में तख्तापलट करके सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

### खुद को आर्मी जनरल घोषित किया

डोम्बौया ने सितंबर 2021 में राष्ट्रपति अल्फा कोंडे की सरकार को गिरा दिया था और खुद सत्ता पर काबिज हो गए थे। अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण उन्होंने कहा था कि 2024 के अंत तक वे चुनाव कराएंगे, लेकिन अब तक चुनाव के आसार नहीं दिख रहे हैं।

डोम्बौया ने जनवरी 2024 में खुद को कर्नल से लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर प्रमोट कर लिया था। पिछले महीने उन्होंने खुद को गिनी का आर्मी जनरल घोषित कर दिया। डोम्बौया के कार्यकाल के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया। जानकारों के मुताबिक डोम्बौया अगले साल चुनाव करा सकते हैं। डोम्बौया भी चुनाव में उतर सकते हैं।

# मध्यप्रदेश-राजस्थान के 20 जिलों में पारा 10° से कम

- कश्मीर के किश्तवाड़ में सीजन की पहली बर्फबारी
- दिल्ली में 32 दिन बाद AQI 300 से नीचे





**नई दिल्ली.** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के कई जिलों में ठंड बढ़ गई है। मध्यप्रदेश के 10, राजस्थान के 8, उत्तर प्रदेश के 2, छत्तीसगढ़ के 2 शहरों में पारा 10° से कम रिकॉर्ड किया गया।

कश्मीर के मारवाह, किश्तवाड़ और बादवान में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। केंद्रीय मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक अगले 24 घंटों में हिमाचल के किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और चंबा में बर्फबारी हो सकती है।

इधर, 32 दिन बाद रविवार को दिल्ली का AQI 300 से नीचे आया। केंद्रीय पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के मुताबिक, AQI 285 रिकॉर्ड किया गया। लेकिन दिल्ली में हवा की कैटेगरी अभी भी 'खराब' है।

दक्षिण भारत में कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में फेंगल तूफान के असर के चलते आज भी भारी बारिश हो रही है। तूफान का लैंडफॉल शनिवार शाम को हुआ, इसके बाद लगातार बारिश के कारण तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत हुई है।

# अगले महीने होगा 26 राफेल मरीन का सौदा -नौसेना प्रमुख

- 62 जहाज भी बन रहे
- अगले 10 साल में 96 जहाज-सबमरीन भी शामिल होंगे

**पुरी.** नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि फ्रांस के साथ नेवी वैरिएंट वाले 26 राफेल-M (मरीन) की डील फाइनल होने वाली है। इसके साथ ही 3 स्कॉर्पीन सबमरीन की डील पर भी बातचीत लास्ट स्टेज में है। जनवरी 2025 तक डील पक्की होने की संभावना है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि आने वाले 10 सालों में भारतीय नौसेना में 96 जहाज और पनडुब्बियां शामिल की जाएंगी। 62 जहाज और एक सबमरीन अभी अंडर कंस्ट्रक्शन हैं। दिसंबर 2025 तक हर महीने एक जहाज नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से राफेल-M जेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी, जिसे स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर INS विक्रांत पर तैनात किया जाएगा।

पाकिस्तान के 50 जहाजों वाले नौसैनिक बेड़े के सवाल पर एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को देखकर हैरानी होती है कि उन्हें जहाज-सबमरीन कैसे मिल रहे हैं। हम चीन-पाकिस्तान से होने वाले हर संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयार हैं।

### नेवी न्यूक्लियर सबमरीन की जरूरत क्यों?



न्यूक्लियर पावर्ड स्ट्राइक सबमरीन लंबे समय तक पानी के अंदर रह सकती है। इसके अलावा भारत के पास डीजल इलेक्ट्रिक और डीजल समबरीन हैं। डीजल-इलेक्ट्रिक सबमरीन को दिन में कम से कम एक बार बैटरी चार्ज करने के लिए पानी की सतह पर लाना पड़ता है। इस दौरान सबमरीन पर अटैक का डर रहता है।

एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन से लैस डीजल सबमरीन लंबे समय तक पानी के अंदर रह सकती हैं, लेकिन इन सबमरीन को जहाज पर मौजूद हथियारों के साथ-साथ गति से भी समझौता करना पड़ता है। इसलिए नेवी ने न्यूक्लियर पावर्ड स्ट्राइक सबमरीन की मांग रखी।

### स्वदेशी न्यूक्लियर पॉवर्ड सबमरीन 2036 तक तैनात होगी

नेवी चीफ ने बताया कि भारत में बनी पहली न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन (SSNs) 2036-37 तक कमिशन हो जाएगी। इसके निर्माण के लिए 2 महीने पहले ही सरकार से मंजूरी मिली थी। पहली सबमरीन के कमीशन होने के दो साल के अंदर दूसरी सबमरीन को भी कमिशन कर दिया जाएगा। भारतीय नेवी ऐसी 6 सबमरीन बनाएगी।

# बाबा बागेश्वर को हत्या की धमकी

- परवाना ने हरिहर मंदिर का बयान गोल्डन टेंपल से जोड़ा
- विश्व हिन्दू तख्त प्रमुख बोले-48 घंटे में गिरफ्तार करें



**नई दिल्ली.** मध्यप्रदेश स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बयान को लेकर पंजाब में बवाल शुरू हो गया है। 18 मार्च को मुरादाबाद में धीरेंद्र शास्त्री ने हरिहर मंदिर को लेकर बयान दिया था। हालांकि पंजाब के सिख कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना ने इसे अमृतसर स्थित हरमंदिर साहिब यानी गोल्डन टेंपल से जोड़ दिया। उसने पंडित शास्त्री को धमकी तक दी कि उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है, चाहे जैसे मर्जी, उन्हें मार डालेंगे। परवाना ने पंडित शास्त्री को पंजाब आने तक की चुनौती दे डाली। पंजाब के कपूरथला जिले के कादराबाद गांव में 26 से 30 नवंबर तक 5 दिन का समागम था। जिसके मंच से परवाना ने बाबा बागेश्वर को यह धमकी दी।

वहीं इस मामले में एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया एवं विश्व हिन्दू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने पुलिस से 48 घंटे के भीतर परवाना को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### परवाना ने कहा- गोल्डन टेंपल के लिए यह बात कही

बरजिंदर परवाना ने कहा- बागेश्वर धाम वाले साधु ने बयान दिया कि वह जो हरमंदिर है, वहां हम अपनी पूजा करेंगे। अभिषेक करेंगे और मंदिर बनाएंगे। मैं कहता हूं कि आओ, पर एक बात याद रखना, हमने इंदिरा गांधी को मारा। उसे अंदर पैर नहीं रखने दिया।

### बाबा बागेश्वर ने कहा था- हरिहर मंदिर में रुद्राभिषेक हो जाना चाहिए

मुरादाबाद के एक धार्मिक कार्यक्रम में बाबा बागेश्वर कहे जाते पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा था- अब तो आवाज यहां तक भी आ गई। अब तो जल्दी से जल्दी उस मंदिर की पूजा भी प्रारंभ हो जानी चाहिए। अयोध्या में राम जी बैठ गए। काशी में नंदी भगवान निकल आए। यह मुहूर्त है। अब हरिहर मंदिर में भी अभिषेक... रुद्राभिषेक हो जाना चाहिए।

बाबा बागेश्वर के बयान को लेकर कहा जा रहा है कि यह गोल्डन टेंपल के लिए नहीं बल्कि कल्की धाम संभल के लिए था।

**संक्षेप...**

### नशे में धुत व्यक्ति ने दी फर्जी बम विस्फोट की धमकी

**नवी मुंबई.** एक व्यक्ति पर रविवार को नवी मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन करने और मुंबई के सैटेलाइट शहर में बम विस्फोटों की एक श्रृंखला की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया, पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब उसने फर्जी कॉल की तो वह कथित तौर पर नशे में था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान 34 वर्षीय क्रिस्टोफर एंथनी डायस के रूप में हुई है, जब उसने सुबह करीब 5 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया तो वह शराब के नशे में था।

# गृह मंत्रालय को लेकर अड़े एकनाथ शिंदे!

**मुंबई.** महाराष्ट्र में नए मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. जहां एक ओर कहा जा रहा है कि देवेंद्र फडणवीस अगले मुख्यमंत्री होंगे, वहीं दूसरी ओर बैठकों का दौर जारी है और आधिकारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा है. इस बीच दिल्ली में सोमवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बीच बैठक हुई है, जहां महाराष्ट्र को लेकर चर्चा हुई है. इस बैठक में कुछ समय के लिए बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे. कहा जा रहा है कि एकनाथ शिंदे गृह मंत्रालय को लेकर अड़े हुए हैं.

## पीएम मोदी और अमित शाह ने की बैठक

सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र बीजेपी विधायक दल की बैठक 4 दिसंबर को होगी. सभी विधायकों को कल दोपहर तक मुंबई आने के निर्देश दिए गए हैं. नेता चयन के बाद महायुति के नेता राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे. वहीं, महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे की आज सभी बैठकें रद्द हो गई हैं. एकनाथ शिंदे के घर आज कुछ विधायक मिलने आने वाले थे. डॉक्टर की आराम की सलाह के कारण आज सभी बैठकें रद्द हुई हैं. शिंदे की तबीयत ठीक नहीं बताई जा रही है.



### कल हो सकती है महायुति के नेताओं की बैठक

इधर, महाराष्ट्र के लिए आज बीजेपी के पर्यवेक्षकों के नाम की घोषणा हो जाएगी. बीजेपी के एक शीर्ष नेता ने सुबह फोन कर महाराष्ट्र बीजेपी कोरग्रुप के ज्यादातर नेताओं से बात की है. वहीं, आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य बीजेपी की कोर कमेटी के साथ बैठक कर सकते हैं. वहीं, बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, आज भी बीजेपी, एनसीपी और शिवसेना शिंदे गुट की यानी कि महायुति की कोई बैठक तय नहीं है और अभी तक बैठक होने की कोई गुंजाइश भी नहीं दिख रही है.

कहा जा रहा है कि महायुति की बैठक अब कल हो सकती है, जिसमें मंत्रालय के बंटवारे सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हो सकती है. सूत्रों की माने तो शिंदे गृह मंत्रालय की मांग पर अड़े है, लेकिन बीजेपी उन्हें गृह मंत्रालय देने की इच्छुक नहीं है, ऐसे में मंत्रालय के बंटवारे में अगर गृह मंत्रालय शिंदे को नहीं मिला तो भी क्या वो खुद मंत्री बनेंगे या नहीं ये तय नहीं है.

### क्या कह रहे हैं एकनाथ शिंदे?

कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने गांव सतारा से ठाणे लौट आए हैं. उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि महायुति में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर कोई मतभेद नही है. वो बीजेपी के मुख्यमंत्री का समर्थन करेंगे. उन्होंने कहा कि ये जनता की आवाज वाली सरकार है. जनता को जैसी सरकार चाहिए वैसी मिलेगी. मैंने बुधवार के दिन ही पूरी तरह से अपनी भूमिका स्पष्ट कर दी है. आदरणीय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा जो भी मुख्यमंत्री के बारे में तय करेंगे उसका समर्थन है. मैंने ऑलरेडी दे दिया है. पूरी तरह मैंने समर्थन दिया है. इसमें कोई किंतु परंतु नहीं है. मैं पूरी स्पष्टता से भूमिका व्यक्त करने वाला कार्यकर्ता हूं.

# भिवंडी में अवैध बैनर, होर्डिंग पर मामला दर्ज

- आयुक्त अजय वैद्य की सख्ती लाई रंग

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** शहर स्वच्छता, अवैध बैनर सहित अतिक्रमण हटाने की खातिर मनपा आयुक्त अजय वैद्य के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन शुरू हो चुका है.भिवंडी शहर में अवैध तरीके से लगाए गए बैनर, होर्डिंग, फ्लैक्स के खिलाफ मनपा द्वारा जोरदार अभियान शुरू कर दिया गया है. शहर में इलेक्ट्रिक पोल व बिजली ट्रांफरमर पर बिना परमिशन बैनर लगाने वाले कुल 15 लोगों के खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. मनपा के सख्त एक्शन से अवैध होर्डिंग लगाने वालों में हड़कंप मच गया है.



गौरतलब हो कि भिवंडी मनपा प्रशासक,आयुक्त अजय वैद्य ने सभी अधिकारियों की बैठक आयोजित कर उन्हें शहर में स्वच्छता,अवैध निर्माणों एवं अवैध बैनर होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई करने का कड़ा निर्देश दिया है . मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 5 सहायक आयुक्त बालाराम जाधव व बीट निरीक्षक अरविंद घुगरे तथा अतिक्रमण विभाग टीम ने क्षेत्र में कुरैशी नगर में बिना परमिशन ₹डॉ. फालके गोट फॉर्म₹ (बेकरी व दूध), गोकुल नगर में बॉम्बे स्वीट्स (ओपनिंग सेरेमनी), वंजार पट्टी नाका स्थित टॉलेंट कंप्यूटर्स (जीवन प्रमाणपत्र), नझराना टॉकीज के सामने गुरुकुल सायंस क्लासेस, कोटरगेट मस्जिद के सामने ₹मोहब्बत का शरबत₹, कासार अली स्थित मार्कंडिय मंदिर के सामने व्ही.एम ट्यूटोरियल्स, पटेल मस्जिद के पास अल हिदाया इंस्टीट्यूट, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक स्थित बंजार पट्टी नाका रोड पर सीमना सर्विस सेंटर, एसटी स्टैंड स्थित ब्रिज के नीचे एजुकेशनल सोसायटी (फन फेयर), वंजार पट्टी नाका पर व्हेट प्रो. (रेबीज वैक्सीनेशन कैप), व डॉ. फालके (हॉप हॉस्पिटल) और नूरी कबाब जैसे लगाए गए कुल 12 विभिन्न अवैध बैनरों के खिलाफ निजामपुरा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया है.इसी तरह प्रभाग समिति 4 सहायक आयुक्त सुनिल भोईर ने नारपोली स्थित लक्ष्मी भोईर कंपाउंड 72 गाले के पास प्रमुख मार्ग की दीवार व ट्रांसफार्म तथा ओसवाल वाड़ी के सामने और अंजूरफाटा खांरबाव रोड पर इलेक्ट्रिक पोल पर लगे अवैध बैनरों के खिलाफ नारपोली पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया है. पुलिस ने अवैध बैनर लगाने वालों के खिलाफ महाराष्ट्र मनपा अधिनियम 1951 की कलम 244, 245, 246ए, म.म.वी. प्रतिबंध अधिनियम 1995 की कलम 2 व 3, मुंबई पुलिस एक्ट की धारा 33(1) डीबी के तहत मामला दर्ज कर लिया है.मनपा द्वारा शुरू सख्त एक्शन से अवैध बैनर, होर्डिंग लगाने वालों में हड़कंप मच गया है.

### 8 दिसंबर को राष्ट्रीय पल्स पोलियो मुहिम

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत प्रशासन के मार्गदर्शन सूचनानुसार, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से 8 दिसंबर को उपराष्ट्रीय पल्स पोलिओ मुहिम किया जायेगा ।सभी बच्चों को टीकाकरण नियमित एएफपी सर्वेक्षण व पल्स पोलिओ टीकाकरण मुहिम के अंतर्गत 0 से 5 साल उम्र के सभी बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए यह मुहिम चल रही है ।मनपा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 1278 बूथ पर टीकाकरण किया जायेगा ।इस मुहिम के लिए मनपा के 2556 कर्मचारी कार्य कर रहे है ।0 से 5 साल के 1लाख 78 हजार 824 बच्चों का टीकाकरण किया गया ।मनपा की ओर से सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण मुफ्त में उपलब्ध है ।0 से 5 साल के सभी बच्चों को टीकाकरण करवाने के लिए मनपा ने आवाहन किया है।

# डॉक्टर पर हमला करने के आरोप में 15 CISF कर्मियों पर मामला दर्ज

**नवी मुंबई.** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में कथित रोड रेज की घटना के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के 10 से 15 कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की गई है। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना 29 नवंबर को रात करीब 10:15 बजे हुई। CISF के सदस्य मुंबई एयरपोर्ट से नवी मुंबई के खारघर में अपने क्वार्टर तक बसों में यात्रा कर रहे थे।

जैसे ही काफिला सेक्टर 36 के पास पहुंचा, उत्सव चौक और सेंट्रल पार्क के बीच एक बस कथित तौर पर एक कार के बहुत करीब आ गई। कार के मालिक, एक डॉक्टर, ने एक स्थानीय राजनीतिक पार्टी के सदस्य के साथ बस का पीछा किया और उसे रोकने की मांग की। बस चालक की कथित लापरवाही से गाड़ी चलाने को लेकर विवाद हुआ।



### CISF कर्मियों पर डॉक्टर पर हमला करने का आरोप

इसके बाद, बस से पांच से छह सीआईएसएफ कर्मी उतरे और कथित तौर पर डॉक्टर पर हमला किया। इस झगड़े में डॉक्टर के भाई और दोस्त भी शामिल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस झड़प के दौरान कार का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। डॉक्टर ने खारघर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि घटना के दौरान कुछ सीआईएसएफ कर्मी नशे में थे, लेकिन बाद में भाग गए। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दंगा और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

चल रही जांच के तहत आरोपी कर्मियों को नोटिस जारी किए गए हैं। अधिकारी इस घटना से जुड़े और सबूत और गवाहियां जुटाने में लगे हुए हैं। पुलिस उस रात क्या हुआ, इसकी कड़ियों को जोड़ने का प्रयास कर रही है। उनका उद्देश्य सभी उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों की गहन जांच करके न्याय सुनिश्चित करना है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान




**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका क्षेत्र में केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान 4 दिसंबर 2024 और मॉप अप दिवस 10 दिसंबर 2024 को दो दिनों के लिए चलाया जाएगा, उक्त अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र के 1 से 19 आयु वर्ग के सभी बालक-बालिकाओं को स्कूल एवं आंगनबाडी केन्द्र स्तर पर कृमि नाशक गोली दी जायेगी,

बच्चों में एनीमिया और कुपोषण का एक प्रमुख कारण कृमि संक्रमण है, बच्चों में आंतों का हेल्मिंथियासिस मिट्टी से फैलने वाले कीड़ों के कारण होता है और हेल्मिंथियासिस से पीड़ित बच्चे हमेशा कमजोर, थके हुए, पढ़ाई में लापरवाही बरतने वाले और स्कूल से अनुपस्थित रहते हैं, परिणामस्वरूप, उनका शारीरिक विकास और बौद्धिक क्षमता अवरुद्ध हो जाती है, इसलिए बच्चों में खून की कमी और कृमि मुक्ति के लिए कृमि नाशक दवा से बच्चों को सुरक्षित रखा जाएगा,

उक्त अभियान चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल कल्याण विभाग के समन्वय से क्रियान्वित किया जायेगा, दोनों दिनों 4 दिसंबर 2024 और मॉप अप दिवस 10 दिसंबर 2024 के दौरान आपकी सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है, हम सभी के सहयोग से कल्याण डोंबिवली मनपा क्षेत्र में इस अभियान को 100% सफलतापूर्वक लागू करना संभव होगा,

उक्त अभियान सभी स्कूलों, आंगनबाड़ियों और नागरिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलाया जाएगा. महानगर पालिका के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से अपील की जा रही है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने बच्चों और बालक-बालिकाओं को सुरक्षित रखें,

# दुष्कर्म से पीड़ित लड़की ने दी जान

- आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज
- पनवेल तहसील की घटना

**नवी मुंबई.** पनवेल तहसील के करंबली इलाके में दुष्कर्म से पीड़ित एक 14 साल की नाबालिग लड़की द्वारा आत्महत्या करने की सनसनीखेज घटना सामने आई है, इस मामले में पीड़ित लड़की के परिजनों की शिकायत के आधार पर पनवेल तालुका पुलिस स्टेशन में आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस इसकी जांच कर रही है.

पुलिस ने बताया कि करंबली में रहने वाली उक्त नाबालिग लड़की को आरोपी युवक ने शादी करने की बात कहकर दुष्कर्म और बाद में शादी करने से मुकर गया, युवक द्वारा धोखा देने पर उक्त नाबालिग लड़की ने व्यथित होकर ताड़ के पेड़ से रस्सी और दुपट्टा बांधकर खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक ने उक्त लड़की से शादी करने का वादा किया था, लेकिन वह अपने घर में दूसरी लड़की ले आया, जिसकी वजह से मानसिक तनाव के चलते उक्त नाबालिग लड़की ने अपनी जान दे दी.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**भिवंडी.** भिवंडी तालुका के अंजूर फाटा- मानकोली रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में स्कूटर को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। नारपोली पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 33 वर्षीय चेतन भाउसाहेब टिपले के रूप में हुई है, जो भिवंडी के निवासी थे।

पुलिस के अनुसार, चेतन सुबह अपनी एक्सेस स्कूटर से दापोड़ा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे कीर्ति फैमिली बार और रेस्टोरेंट के सामने पहुंचे, एक अज्ञात वाहन ने उनके स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि चेतन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नारपोली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए स्व. इंदिरा गांधी उपजिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने फरार वाहन चालक के खिलाफ शिकायतकर्ता रमेश गणपत वाघमारे की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।



**अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एफ साउथ वार्ड के कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की उपाध्यक्ष शबाना शेख ने मुलाकात कर ट्रॉम्बे सरकारी अस्पताल में नवजात शिशु के लिए एनआईसीयू की स्थापना करने की मांग की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस ओर कार्य किया जाएगा**


**शुभम टँक्स अँड लाइनर प्रायव्हेट लिमिटेड**

**ड्रायवरच्या आवश्यकता आहे**

- **पदाचे नाव:** चालक (Driver)
- **रिपोर्टिंग:** एक्झिक्युटिव्ह असिस्टंट **कामाचे ठिकाण:** ठाणे
- **पदाचा प्रकार:** १ वर्षांचा करारावर आधारित
- **पदासाठी नवीन/स्थानापन्न:** ठाणे
- **पात्रता व अनुभव:** ५ - १५ वर्षांचा अनुभव (एसएससी/एचएससी उत्तीर्ण)

**मुख्य जबाबदाऱ्या**

- मालकाच्या गाडीचे (स्वयंचलित कार) ड्रायव्हिंग करणे.
- गाडीची अंतर्गत स्वच्छता करणे. कार्यालयीन कामे देखील जबाबदारीत समाविष्ट असतील.
- **इच्छित पात्रता** - ५ - १५ वर्षांचा ड्रायव्हिंगचा अनुभव.
- **वय:** ३० - ४० वर्षे.

**ठाणे व आसपास राहणारे उमेदवार प्राधान्य.**
**दारू/धूम्रपानाची सवय नसावी (कधीमधी दारू चालेल).**

**कामाचे तास व वेतन**

- **कामाचे वेळ:** सकाळी ८:३० ते रात्री ८:३० (रविवार सुट्टी).
- **वेतन:** १८,००० - २२,०००.
- **ओव्हरटाइम:** प्रति तास वेतनानुसार.
- **वेतन जमा होण्याची तारीख:** दर महिन्याच्या १ तारखेला.

इतर महत्त्वाची माहिती

**पिक-अप पॉइंट:** दोस्ती इम्पीरिया, माणपाडा, ठाणे पश्चिम.
विश्वसनीय, प्रामाणिक व जबाबदार उमेदवार हवा.

संपर्क 8291920072


# अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र महामंत्री का सम्मान

**मुंबई.** अग्रोहा विकास ट्रस्ट के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम प्रकाश अग्रवाल और महाराष्ट्र महामंत्री केएल बंसल का भव्य सम्मान समारोह केंद्रीय समिति मुंबई के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल के नेतृत्व में मालाड पश्चिम स्थित आदित्य लॉन में आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान माता की चौकी का विशेष आयोजन भी किया गया। समारोह में अग्रोहा विकास ट्रस्ट केंद्रीय समिति मुंबई के उपाध्यक्ष महावीर गुप्ता, महामंत्री अलकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रवि अग्रवाल, प्रचार मंत्री महेश अग्रवाल, सह-मंत्री उमाशंकर अग्रवाल, और महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती रेखा गोयल सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक दिनेश अग्रवाल और प्रेमलता अग्रवाल ने आयोजन की सफलता सुनिश्चित की। अग्रवाल सेवा समाज के शीतल अग्रवाल, अग्रबंधु सेवा समिति के अध्यक्ष अमरीशचंद अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, कानबिहारी अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के अनिल कैंया, और ब्रिज उत्सव सखी क्लब की श्रीमती कल्पना सहित कई प्रमुख हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम प्रकाश अग्रवाल और महाराष्ट्र महामंत्री केएल बंसल को पुष्पगुच्छ, शाल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।



उत्तम प्रकाश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा, ₹अग्रवाल समाज ने देश की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन, और जनसेवा में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। हम समाज को उसका अधिकार दिलाने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास करेंगे।अग्रोहा विकास ट्रस्ट के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उत्तमप्रकाश जी अग्रवाल ने आगे बताया की पूरे देश में तक़रीबन 6 करोड़ से भी अधिक अग्रवाल है व 50 हज़ार से अधिक अग्रवाल सीए है । आने वाले समय में इन सभी अग्रवालों का डेटा जमा करके इन सभी को एकत्रित करेंगे । अपने संकल्प व विज़न के बारे में आगे बताया की आने वाले वर्ष में भारत के सभी अग्रवाल, गाँव व शहरों से सभी के पिता भगवान अग्रसेन द्वारा रचित नगरी, अग्रोहा धाम की पावन यात्रा के लिए सभी समूह बनाकर अवश्य पधारे सभी के रुकने व ठहरने की व्यवस्था अग्रोहा धाम में की जाएगी।

महाराष्ट्र प्रांत के नवनिर्वाचित महामंत्री श्री के. एल. बंसल जी ने सभी उपस्थित अग्र- बंधुओं को इस बात पर विचार करने को कहा की - "समाज ने मेरे लिए क्या किया है, यह सोचने की बजाय मैंने समाज के लिए क्या किया है इस बारे में सोचना चाहिए व तन- मन- धन से यथायोग्य समाज के लिए काम करना चाहिए। तथा समाज को एकजुट रहने और सहयोग करने का आह्वान किया।

सम्मान समारोह में मुंबई और ठाणे के करीब 60 समितियों के पदाधिकारी अपने कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में 500 से अधिक अग्रवंशजों ने भाग लिया, जो समाज की एकता और सहयोग का प्रतीक बना। यह आयोजन न केवल समाज की उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति की दिशा में एकजुटता का संदेश भी देता है।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ राजस्थान पहुंचीं सारा अली खान?

- दोनों की तस्वीरें हुईं सोशल मीडिया पर वायरल

सारा अली खान अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। अब खबरें आ रही हैं कि वह मॉडल अर्जुन प्रताप बाजवा को डेट कर रही हैं। दरअसल, सारा इन दिनों राजस्थान की यात्रा पर हैं, जिनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। वहीं, अर्जुन ने भी अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसके बाद से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों राजस्थान में एक साथ वेकेशन एंजॉय कर रहे हैं। सारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी वेकेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में उन्हें राजस्थान की खूबसूरती का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है, जबकि दूसरी तस्वीर में सारा रेगिस्तान सफारी का मजा ले रही हैं।

वहीं, दूसरी ओर अर्जुन प्रताप बाजवा ने भी अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह जिम के अंदर मिरर सेल्फी लेते हुए नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर सामने आते ही सोशल मीडिया पर उनके बीच डेटिंग को लेकर फिर से अटकलें शुरू हो गईं।

सारा और अर्जुन के बीच डेटिंग की खबरें पहली बार केदारनाथ के दर्शन के दौरान उड़ी थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने कथित तौर पर पहाड़ी मंदिर में दर्शन किए थे और अपनी-अपनी तस्वीरें पोस्ट की थीं।



### कौन हैं अर्जुन प्रताप बाजवा

अर्जुन प्रताप बाजवा एक मॉडल और एक्टर हैं। उन्होंने इंडस्ट्री के कई बड़े फैशन डिजाइनर्स के शो में रैंप वॉक किया है। इसके अलावा, वह अक्षय कुमार की फिल्म 'सिंह इज ब्लिंग' में असिस्टेंट के तौर पर काम कर चुके हैं। अर्जुन, राजनेता फतेह जंग सिंह बाजवा के बेटे हैं, जो फिलहाल पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष हैं।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099